भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 916
उत्तर देने की तारीख : 10.02.2020

अल्पसंख्यकों को प्रशिक्षण

916. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय की विशिष्ट पारंपरिक शैली को ध्यान में रखते हुए उन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने की कोई योजना बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ''हुनर हाट'' के लिए कितनी निधि आवंटित की गई; और

(घ) उपर्युक्त निधि में से कितनी राशि खर्च की गई और इसमें कितने लोगों को प्रशिक्षित किया गया है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) और (ख): जी, हां। अल्पसंख्यकों की परंपरागत कलाओं/शिल्पों की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लिए 14 मई, 2015 को विकास के लिए परम्परागत कलाओं/शिल्पों में कौशल और प्रशिक्षण का उन्नयन (उस्ताद) योजना आरंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य मास्टर शिल्पकारों/ दस्तकारों की क्षमता का निर्माण करना और पारंपरिक कौशलों को अद्यतन करना; अल्पसंख्यकों की अभिज्ञात पारंपरिक कलाओं/शिल्पों का प्रलेखन; पारंपरिक कौशलों के लिए मानक स्थापित करना; मास्टर शिल्पकारों के माध्यम से विभिन्न अभिज्ञात पारंपरिक कलाओं/शिल्पों में अल्पसंख्यक युवाओं को प्रशिक्षण देना; और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार लिंकेज विकसित करना है। योजना का प्रशिक्षण संघटक 2016–17 से आरंभ किया गया था। इसके अलावा, 2016–17 से उस्ताद योजना के संघटक के रूप में हुनर हाट का आयोजन किया जा रहा है। हुनर हाट एक ऐसा प्रभावी मंच है जहां देशभर के अल्पसंख्यक कारीगरों तथा पाक कला विशेषज्ञों को अपने सर्वोत्तम हस्तशिल्प तथा विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन करने का मौका दिया जाता है। योजना के दिशा–निर्देशों का ब्यौरा उस्ताद योजना के पोर्टल अर्थात usttad.minorityaffairs.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) और (घ): हालांकि, हुनर हाट संघटक हेतु अलग से कोई निधि आबंटित नहीं की गई है, 2016–17 से उस्ताद योजना के अंतर्गत आबंटित निधि तथा खर्च की गई कुल निधि, प्रशिक्षण संघटक के अंतर्गत खर्च की गई निधि तथा उस्ताद योजना के हुनर हाट संघटक के अंतर्गत खर्च की गई निधि का ब्यौरा निम्नानुसार हैः–

(रु0 करोड़ में)

वर्ष	आबंटित निधि	खर्च की गई निधि		
		प्रशिक्षण संघटक	हुनर हाट संघटक	कुल व्यय
2016–17	20.00	17.11	2.66	19.77
2017–18	22.00	18.53	3.27	21.80
2018–19	30.00	26.27	4.99	31.26
2019–20*	50.00	19.88	9.57	29.45
कुल	**122.00**	**81.79**	**20.49**	**102.28**

*31.01.2020 की स्थिति के अनुसार

उस्ताद योजना के अंतर्गत 16,200 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है तथा 7560 और प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण आरंभ हो गया है।

*****